# पाठ – सत्रिया और बिहू नृत्य

**पाठ का सारांश**

इस पाठ में भारत की रंग-बिरंगी सुंदर, प्राचीन और जीवन से भरी संस्कृति का वर्णन किया है। भारत के प्रत्येक स्थान के नृत्य, संगीत, कला, रहन-सहन इत्यादि का भी वर्णन किया है।

**एंजेला और उसके मित्र**

एंजेला लंदन के कॅजिंग्टन में रहती थी। उसके सगे भाई-बहन नहीं थे। वह अधिकतर समय जेम्स और कीरा नामक दोस्तों के साथ व्यतीत करती थी। वे ऐसा काल्पनिक खेल खेलते जिसमें दूर-दराज़ की दुनिया का जिक्र हो।

**एंजेला की माँ का वर्णन**

एंजेला की माँ का नाम एलेसेंडा था जो एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता थीं। उन्हें लंदन की ब्रिटिश अकादमी से असम की नृत्य परम्परा पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाने के लिए वित्तीय (रुपयों) मदद दी गई थी।

**एंजेला का भारत में आगमन और बिहू त्योहार**

यात्रा के दौरान माँ ने एंजेला को असम की खूबसूरती के बारे में कुछ बातें बताई थीं। असम, भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में है, जिसे अपने वन्य जीवन, रेशम और चाय के बागानों के लिए जाना जाता है। एलेसेंड्रा (एंजेला की माँ) की डॉक्यूमेंट्री के केन्द्र में असम के जनजीवन में नृत्य के महत्त्व को तलाशना था। असम में वसंत के आने की खुशी में 'बिहू' त्योहार मनाया जाता है। यह कृषि आधारित त्योहार है। यह साल में तीन बार मनाया जाता है। एंजेला ने देखा कि लड़कों ने वाद्ययंत्र ले रखे हैं और लड़कियों ने लाल और बादामी रंग की गहरी डिजाइन वाली खूबसूरत पोशाक पहन रखी है। वे मौज-मस्ती में नृत्य में खोए हुए हैं।

**उत्तरी असम की झलक**

उत्तरी असम की तरफ़ मठों की पीठ है। जब वे 'दक्षिणापथ सत्र' पहुंचे तब उनकी मुलाकात 'रीना सेन' से हुई जो लेखिका थीं। रोना की बेटी अनु थी। अनु और एंजिला की दोस्ती हो गई। माँ ने एंजिला को बताया कि बीसवीं शताब्दी के मध्य में कुछ साधु मठों द्वारा पुरुषों और महिलाओं को सत्रिया नृत्य सिखाया गया।

अतः वापस लौटने के पश्चात् वह अपनी सभी रिकॉर्डिंग्स देखती है तथा माँ को भी दिखाती है। उसने सभी को असम की खूबसूरती की झलक दिखाई।

**शब्दार्थ**

- **मोहक** – लुभावना
- **अंदाजा** – अनुमान
- **डॉक्यूमेंट्री** – वृत्तचित्र
- **रेशम** – रेशा / सिल्क
- **समृद्ध** – संपन्न, खुशहाल
- **हतप्रभ** – स्तब्ध, हैरान
- **मंत्रमुग्ध** – मोहित हो जाना
- **वाद्ययंत्र** – संगीत उपकरण
- **पोशाक** – पहनावा
- **अचंभित** – चकित

egyanarchive

- **लजीज** – स्वादिष्ट
- **बहुतायत** – अधिकता
- **फिल्मांकन** – चलचित्रण, फिल्म बनाना
- **साक्षात्कार** – प्रत्यक्ष भेंट, मुलाकात
- **असमिया** – असम की भाषा या लिपि
- **मठ** – ऐसे संस्थान जहाँ गुरु अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान करते हैं
- **वैष्णव** – भगवान विष्णु का उपासक
- **सत्रिया नृत्य** – नृत्य नाटिका की शैली जो हाथ और चेहरे के माध्यम से पौराणिक कहानियाँ बनाती हैं।
- **आकर्षण** – खिंचाव / लुभावना

**मुद्राएँ** – भाव-भंगिमा (हस्त मुद्राएँ - शास्त्रीय नृत्य में विशिष्ट हाथ के इशारे)

- **बारीकियाँ** – सूक्ष्म अंतर या भेद
- **प्रदर्शन** – दिखलाना, प्रस्तुत करने की क्रिया
- **नृत्यांगना** – नृत्य कला में निपुण स्त्री
- **योजना** – कार्य करने की रूपरेखा

## पाठ से

**मेरी समझ से**

**(क) दिए गए प्रश्नों का सटीक उत्तर कौन – सा है? उसके सामने तारा (☆) बनाइए।**

**(1) माँ एलेसेंड्रा के बारे में कौन-सा कथन सत्य है?**

- वे असम के जीवन के बारे में बहुत कुछ जानती थीं।
- उन्हें असम, बिहू और सत्रिया नृत्य से बहुत प्रेम था।
- उन्होंने एंजेला को कुछ असमिया शब्द भी सिखाए।
- वे अपने कार्य में सहायता के लिए बेटी को लाई थीं।

उत्तर – **वे असम के जीवन के बारे में बहुत कुछ जानती थीं। (☆)**

**(2) "अनु और एंजेला ने तुरंत एक-दूसरे की तरफ देखा।" क्यों?**

- अनु के पास खिलौने थे।
- दोनों की आयु एक-समान थी।
- दोनों को अंग्रेज़ी भाषा आती थी।
- एंजेला अनु से असमिया भाषा सीखना चाहती थी।

उत्तर – **दोनों की आयु एक-समान थी। (☆)**

(ख) अब अपने मित्रों के साथ चर्चा कीजिए और कारण बताइए कि आपने ये उत्तर ही क्यों चुने ?

उत्तर – हमने ये उत्तर इसलिए चुने क्योंकि इन बिन्दुओं का वर्णन पाठ के अन्तर्गत हुआ है।

## मिलकर करें मिलान

पाठ में से कुछ शब्द चुनकर स्तम्भ 1 में दिए गए हैं। उनसे सम्बन्धित वाक्य स्तम्भ 2 में दिए गए हैं। अपने समूह में इन पर कीजिए और रेखा खींचकर शब्दों का मिलान उपयुक्त वाक्यांशों से कीजिए।

| स्तम्भ-1 | स्तम्भ-2 |
|---|---|
| 1. सत्र | 1. ग्रेगरी कैलेंडर के अनुसार 1 जनवरी 1901 से 31 दिसम्बर 2000 तक का समय। |
| 2. बोहाग बिहू | 2. 'यूनाइटेड किंगडम' और 'इंग्लैण्ड' की राजधानी। |
| 3. लंदन | 3. 'यूनाइटेड किंगडम' देश की एक सरकारी संस्था। |
| 4. गुवाहटी | 4. असम में मनाया जाने वाला एक त्योहार। यह असम में नए साल की शुरुआत और वसंत के आगमन का प्रतीक है। |
| 5. ब्रिटिश अकादमी | 5. भारत के असम राज्य का एक प्राचीन और सबसे बड़ा नगर है। |
| 6. बीसवीं शताब्दी | 6. ये असम के मठ हैं। इनकी संख्या पाँच सौ से भी ज्यादा है। ये पूजा-पाठ और धार्मिक गतिविधियों के स्थान हैं। सत्रिया नृत्य की उत्पत्ति इन्हीं सत्रों में हुई है। |

**उत्तर –**

| स्तम्भ-1 | स्तम्भ-2 |
|---|---|
| 1. सत्र | 6. ये असम के मठ हैं। इनकी संख्या पाँच सौ से भी ज्यादा है। ये पूजा-पाठ और धार्मिक गतिविधियों के स्थान हैं। सत्रिया नृत्य की उत्पत्ति इन्हीं सत्रों में हुई है। |
| 2. बोहाग बिहू | 4. असम में मनाया जाने वाला एक त्योहार। यह असम में नए साल की शुरुआत और वसंत के आगमन का प्रतीक है। |
| 3. लंदन | 2. 'यूनाइटेड किंगडम' और 'इंग्लैण्ड' की राजधानी। |
| 4. गुवाहटी | 5. भारत के असम राज्य का एक प्राचीन और सबसे बड़ा नगर है। |
| 5. ब्रिटिश अकादमी | 3. 'यूनाइटेड किंगडम' देश की एक सरकारी संस्था। |
| 6. बीसवीं शताब्दी | 1. ग्रेगरी कैलेंडर के अनुसार 1 जनवरी 1901 से 31 दिसम्बर 2000 तक का समय। |

## पंक्तियों पर चर्चा

**नीचे दी गई पंक्तियों को पढ़कर उनका अर्थ लिखिए।**

**(क) "असम, भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में है जिसे अपने वन्य जीवन रेशम और बाय के बागानों के लिए जाना जाता है। इसके साथ असम में नृत्य की भी एक समृद्ध परम्परा है।"**

**उत्तर –** असम राज्य भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में है। यह राज्य वन्य जीवन रेशम और चाय के बागानों के लिए मशहूर है। साथ ही साथ यहाँ पर नृत्य की भी एक समृद्ध परम्परा है जिसका आयोजन त्योहारों पर किया जाता है।

**(ख) "पूरी दुनिया की संस्कृतियों में लोग नृत्य और संगीत से अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हैं।"**

**उत्तर –** नृत्य और संगीत से हमें दुनिया की विभिन्न संस्कृतियों का पता चलता है। लोग अपनी भावनाओं को नृत्य और संगीत के माध्यम से अभिव्यक्त करते हैं।

**सोच-विचार के लिए**

निबंध को एक बार फिर से पढ़िए और निम्नलिखित के बारे में पता लगाकर अपनी लेखन पुस्तिका में लिखिए-

(क) "एंजेला के मन में कई तरह के विचार चल रहे थे।"

**उसके मन में कौन-कौन से विचार चल रहे होंगे?**

**उत्तर –** एंजेला के मन में कई विचार चल रहे थे। जैसे बिहू के त्योहार के बारे में असम की पोशाक के बारे में, सत्रिया नृत्य के बारे में इत्यादि।

**(ख) "बिहू एक कृषि आधारित त्योहार है।" कैसे ?**

**उत्तर –** बिहू साल में तीन बार मनाया जाता है। सबसे पहले तब मनाया जाता है जब किसान बोज बोते हैं, फिर वे धान रोपते हैं तब और फिर जब खेतों में अनाज तैयार हो जाता है।

**(ग) ऐसा लगता है कि भारत से जाने के बाद भी एंजेला के मन में असम ही छाया हुआ था। पाठ से इस कथन के समर्थन के लिए कुछ उदाहरण खोजकर लिखिए।**

**उत्तर –** ऐसा लगता है कि भारत से जाने के बाद भी एंजेला के मन में असम छाया हुआ था। इसका उदाहरण यह है कि "वापस लंदन जाने के बाद वह उन सभी रिकॉर्डिंग्स को देखती रही, जो उसकी माँ ने रिकॉर्ड की थी। पूरे उत्साह के साथ वह असम की समृद्ध नृत्य परम्परा को याद करती रही।"

**(घ) समय के बदलने के साथ- साथ सत्रिया नृत्य की परम्परा में क्या बदलाव आया है?**

**उत्तर –** समय के बदलने के साथ-साथ सत्रिया नृत्य की परम्परा में यह बदलाव आया है कि अब इस नृत्य को महिलाएँ भी करती है।

**निबंध की रचना**

**प्रश्न –** इस पाठ को एक बार फिर से पढ़िए और इसकी बनावट पर ध्यान दीजिए। इस पाठ की विशेषताएँ पहचानिए और लिखिए

**उत्तर –** इस पाठ की विशेषताएँ इस प्रकार हैं-

(i) असम की संस्कृति से लोगों को परिचित कराना।

(ii) 'बिहू' त्योहार के महत्त्व को समझाना।

(iii) सत्रिया नृत्य के महत्त्व को समझाना।

(iv) नृत्य में महिलाओं की भूमिका का वर्णन करना।

(v) पाठ में लन्दन से यात्रा शुरू करने से लेकर वापस लंदन पहुँचने तक के अनुभवों का वर्णन किया गया है।

## अनुमान या कल्पना से

**(क) एंजेला और उसका परिवार बिहू नृत्य और उसके उत्सव को देखकर अचंभित क्यों हो गया?**

**उत्तर –** एंजेला और उसका परिवार बिहू नृत्य और उसके उत्सव को देखकर अचंभित इसलिए हो गए क्योंकि इन्होंने उसे पहली बार देखा था।

**(ख) एंजेला और उसकी माँ एलेसेंड्रा ने भारत की यात्रा से पहले में) कौन-कौन सी तैयारियों की होंगी?**

**उत्तर –** एंजेला और उसकी माँ एलेसेंडा ने भारत की यात्रा से पहले अपने कुछ कपड़े, रिकोर्डिंगस के लिए कैमरे, खाने-पीने की चीज बैग में रखी होगी।


**(ग) बिहू नृत्य के लिए बरगद के पेड़ के नीचे मंच क्यों बनाया गया होगा ?**

**उत्तर –** बिहू नृत्य के लिए बरगद के पेड़ के नीचे मंच इसलिए बनाया गया होगा क्योंकि सर्वप्रथम यह प्रकृति से जुड़ा है। लम्बे समय से यह नृत्य बरगद के पेड़ के नीचे ही हो रहा है।

## असम से जुड़े शब्द

**इस पाठ में अनेक शब्द ऐसे हैं जो असम से विशेष रूप से जुड़े है। अपने समूह में मिलकर उन शब्दों की पहचान कीजिए और लिखिए। (संकेत- असम के नृत्य, त्योहार, भाषा आदि।)**

**उत्तर –**




## तीन बिहू

**(क) एंजेला और उसकी माँ एलेसेंड्रा कौन से बिहू के अवसर पर भारत आए थे? लिखिए।**

**उत्तर –** एंजेला और उसकी माँ एलेसेंडा अप्रैल में बिहू अवसर पर भारत आए थे।

**(ख) तीनों बिहू के लिए लिखिए कि उस समय किसान खेतों में क्या कर रहे होते हैं?**

**उत्तर –**

1. **रंगाली बिहू (बैसाख महीना – अप्रैल)-** इस समय किसान खेतों की जुताई और बुवाई की तैयारी कर रहे होते हैं। यह फसल चक्र की शुरुआत होती है, जब किसान नई फसल उगाने के लिए खेतों को तैयार करते हैं और बैसाखी का आनंद मनाते हैं।
2. **काटी बिहू (कार्तिक महीना – अक्टूबर)-** इस समय किसान धान की फसल की रखवाली कर रहे होते हैं। वे अपने खेतों में दीये जलाकर कीटों से बचाव करते हैं और अच्छी फसल के लिए प्रार्थना करते हैं।
3. **भोगाली बिहू (माघ महीना – जनवरी)-** इस समय किसान फसल की कटाई पूरी कर चुके होते हैं और नई फसल के उत्सव में व्यस्त होते हैं। यह बिहू फसल कटाई की खुशी मनाने का समय होता है, जब लोग पारंपरिक पकवान बनाते हैं और सामूहिक भोज तथा खेल-कूद का आनंद लेते हैं।

## पाठ से आगे

**आपकी बात**

**(क) आपके घर में आपको प्यार से किन-किन नामों से पुकारा जाता है?**

**उत्तर –** (छात्रों को स्वयं करने को कहें।)

मुझे घर में लाडो, डौली कहकर पुकारा जाता है।

**(ख) आपके नाम का क्या अर्थ है? आपका नाम किसने रखा ? पता करके बताइए।**

**उत्तर –** (छात्रों को स्वयं करने को कहें।)

मेरे नाम का अर्थ पूर्णिमा है। मेरा नाम पिता जी ने रखा था।

**(ग) आप कौन-कौन से खेल अपने मित्रों के साथ मिलकर खेलते है? बताइए।**

**उत्तर –** (छात्रों को स्वयं करने को कहें।)

मैं अपने दोस्तों के साथ फुटबॉल खेलती हूँ।

**(घ) आपके प्रांत में कौन-कौन से नृत्य प्रसिद्ध है? आपको कौन-सा नृत्य करना पसंद है?**

**उत्तर –** (छात्रों को स्वयं करने को कहें।)

मेरे राज्य में रामलीला, ख्याल, चरकुला, कजरी जैसे नृत्यों का आयोजन किया जाता है। मुझे ख्याल और कजरी नृत्य पसंद है।

## टाइम मशीन

"उसे ऐसा लग रहा था, जैसे वह आश्चर्यजनक रूप से किसी टाइम-मशीन में आकर बैठ गई हो!"

**(क) यदि आपको टाइम-मशीन मिल जाए तो आप उसमें बैठकर कौन-से समय में और कौन-से स्थान पर जाना चाहेंगे? क्यों?**

**उत्तर –** (छात्रों को स्वयं करने को कहें।)

यदि मुझे टाइम-मशीन मिल जाए तो मैं उसमें बैठकर बचपन में जाना चाहती हूँ क्योंकि उस समय तक मेरे पिताजी मेरे साथ खेलते थे।

**(ख) आपको यदि कोई ऐसी वस्तु बनाने का अवसर मिले जो अभी तक नहीं बनाई गई है तो आप क्या बनाएँगे? क्यों बनाएँगे?**

**उत्तर –** (छात्रों को स्वयं करने को कहें।)

यदि मुझे ऐसी वस्तु बनाने का अवसर मिले जो अभी तक नहीं बनाई गई है तो मैं अपने लिए ऐसा चश्मा बनाऊँगी जिसमें दुनिया के विभिन्न नज़ारों को कैद किया जा सके।

**(ग) क्या आपने कभी किसी संग्रहालय की यात्रा की है?**

**उत्तर –** (छात्रों को स्वयं करने को कहें।)

हाँ मैंने भी संग्रहालय की यात्रा की है। वहाँ पुरानी बंदूकों, तलवारों और सिक्कों को देखा है।

## खिलौने विभिन्न प्रकार के

"एंजेला को अनु के खिलौने बहुत अच्छे लगे जो थोड़े अलग तरह के थे।"

**(क) अनु के खिलौने कैसे थे? लंदन में एंजेला के खिलौने कैसे रहे होंगे?**

**उत्तर –** (छात्रों को स्वयं करने को कहें।)

अनु के खिलौने लकड़ी के बने थे। लंदन में एंजेला को धातु या प्लास्टिक के खिलौने मिलते होंगे।

**(ख) आप घर पर कौन-कौन से खिलौनों से खेलते रहे हैं? उनके नाम बताईये।**

**उत्तर –** (छात्रों को स्वयं करने को कहें।)

मैं अपने घर मिट्टी से बने, प्लास्टिक से बने खिलौनों से खेलती थी। उनका नाम गुड़िया और कार है।

**(ग) भारत के प्रत्येक प्रांत में हाथ से बच्चों के अनोखे खिलौने बनाए जाते हैं। आपके यहाँ बच्चों के लिए हाथ से बने कौन-कौन से खिलौने मिलते हैं?**

**उत्तर –** (छात्रों को स्वयं करने को कहें।)

हमारे यहाँ बच्चों के लिए हाथ से बने खिलौने में गिल्ली-डंडा और मिट्टी की गुड़िया मिलती है।

**(घ) आप अपने हाथों से बनाए किसी खिलौने को कक्षा में लाकर दिखाइए और उसे बनाने का तरीका सबको सिखाइए।**

**उत्तर –** (छात्रों को स्वयं करने को कहें।)

मैंने कागज़ से जहाज बनाया है। एक आयताकार कागज लिया जाता है। फिर दो टैब को 90 डिग्री ऊपर और 90 डिग्री नीचे मोड़ दिया जाता है। कागज़ के टुकड़े को खोलें और शीर्ष को अंदर से मोड़ दें। फिर तीन कोना निकाल दें। इस प्रकार कागज़ का जहाज तैयार हो जाएगा।

## पत्र

**(क) मान लीजिए आप एंजेला हैं। आप लंदन लौट चुकी हैं और आपको भारत की बहुत याद आ रही है। अपनी सखी अनु को पत्र लिखकर बताइए कि आपको कैसा अनुभव हो रहा है।**

**उत्तर –** (छात्रों को स्वयं करने को कहें।)

29/8 XX

प्रिय अनु

आशा है तुम सकुशल होगी। मुझे लंदन आकर तुम्हारी और भारत की बहुत याद आ रही है। तुम्हारे साथ व्यतीत किए हुए पलों को मैं कभी कहीं भूल सकती। तुम्हारे घर के भोजन जैसा स्वाद लंदन में बहुत ढूँढ़ने पर भी नहीं मिल रहा है। कुछ समय बाद मैं भारत फिर आऊँगी।

तुम्हारी सहेली

एंजेला

**(ख) आप जानते होंगे कि पत्र लिखने के लिए आवश्यक सामग्री जैसे-पोस्टकार्ड, अंतर्देशीय लिफाफे आदि डाकघर से खरीदे जा सकते हैं। सम्भव हो तो आप भी अपने घर के पास के डाकघर में जाइए और एक पोस्टकार्ड खरीदकर पत्र लिखने के लिए उसका उपयोग कीजिए।**

**उत्तर –** (छात्रों को स्वयं करने को कहें।)

**(ग) नीचे भारत के विभिन्न लेखकों के सम्मान में जारी किए गए कुछ डाक टिकटों के चित्र दिए गए हैं। इन्हें ध्यान से देखिए-**




**(i) आपको इनमें से कौन सा डाक टिकट सबसे अच्छा लगा और क्यों?**

**उत्तर –** (छात्रों को स्वयं करने को कहें।)

मुझे सुमित्रानंदन पंत और प्रेम चंद वाला डाक टिकट सबसे अच्छा लगा क्योंकि ये महान कवि हैं और मैं इनसे बहुत प्रभावित है।

(ii) डाक टिकटों पर लेखकों के बारे में कौन कौन मी जानकारी दी गई है?

**उत्तर –** (छात्रों को स्वयं करने को कहें।)

डाक टिकटों पर लेखकों के नाम तथा उनके चित्र उपस्थित है।

## आज की पहेली

**नीचे दी गयी पहेलियों का हल पहचानें।**

**उत्तर –** (छात्रों को स्वयं करने को कहें।)

| क्रम | असमिया पहेली | हिन्दी पहेली | उत्तर |
|---|---|---|---|
| 1 | हातीर दाँत, कदमर पात | हाथी के दाँत सी. कदंब के पात-सी। | **मूली** |
| 2 | पानी आसे मास नाइ हावि बाघ नाइ | पानी है पर मछली नहीं जंगल है पर बाघ नहीं | **नारियल** |
| 3 | आई बुलिले नेलागे, बोपाइ बुलिले लागे | लग-लग कहे तो ना लगे, बेलग कहे लग जाए | **होंठ** |
| 4 | सय चरण कृष्ण वरण, पेट काटिलेउ नाई मरण | काला तन और छह है चरण, पेट कटे पर भी न मरण | **चींटी** |

## साझी समझ

**प्रश्न –** आपको इस लेख में दी गई कौन-सी जानकारी सबसे अच्छी लगी? क्यों?

**उत्तर –** (छात्रों को स्वयं करने को कहें।)

मुझे इस लेख में सबसे अच्छी जानकारी यह लगी कि **मूँगा सिल्क** न केवल सुंदर और कीमती है, बल्कि यह इतना मजबूत होता है कि एक साड़ी औसतन **50 वर्षों तक खराब नहीं होती**। यह बात इसलिए भी खास लगी क्योंकि आजकल के कपड़े कुछ वर्षों में ही खराब हो जाते हैं, जबकि मूँगा सिल्क प्राकृतिक रूप से टिकाऊ और हर धुलाई के बाद और भी निखरता है। इसके अलावा, इसका केवल असम और पूर्वोत्तर भारत में ही तैयार होना इसे और भी विशेष और अनमोल बनाता है।

## खोजबीन के लिए

असम सहित पूर्वोत्तर भारत के बारे में आप और जान सकते है और भारत के पारंपरिक लोक संगीत का आनंद भी ले सकते है जिन्हें इंटरनेट की सहायता से पढ़ें देखें व समझें-

- असम-बिहू लोकगीत
- सत्रिया नृत्य
- मणिपुरी नृत्य
- भारत के लोक नृत्य
- पूर्वोत्तर राज्यों के लोक नृत्य
- भाषा संगम असमिया
- मुकोली बिहू

**उत्तर –** (छात्रों को स्वयं करने को कहें।)

**1. असम - बिहू लोकगीत:**

https://youtube.com/shorts/INgMgOYlLrM?si=eZVlVL7N0nbF_fi9

बिहू असम का सबसे लोकप्रिय त्योहार है और इसके दौरान गाए जाने वाले लोकगीतों को बिहू गीत कहते हैं। ये गीत प्रेम, ऋतु परिवर्तन और जीवन के उल्लास से जुड़े होते हैं।

**2. सत्रिया नृत्य:**

https://www.youtube.com/watch?v=eb9jFeNKEQM

सत्रिया असम का शास्त्रीय नृत्य है। इसकी उत्पत्ति महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव ने की थी। यह नृत्य भक्ति पर आधारित होता है और मुख्यतः वैष्णव धर्म के प्रचार के लिए प्रस्तुत किया जाता है।

**3. मणिपुरी नृत्य:**

https://www.youtube.com/watch?v=XQI0T5Kjw9E

यह मणिपुर राज्य का शास्त्रीय नृत्य है, जो राधा-कृष्ण की लीलाओं पर आधारित होता है। इसकी चाल-ढाल बहुत कोमल और भावपूर्ण होती है।

**4. भारत के लोक नृत्य:**

भारत में हर राज्य के अपने लोक नृत्य हैं, जैसे पंजाब का भांगड़ा, राजस्थान का घूमर, महाराष्ट्र का लावणी, गुजरात का गरबा आदि। ये नृत्य वहाँ की संस्कृति और त्योहारों का प्रतिबिंब हैं।

**भांगड़ा -** https://youtu.be/nWaB_7AOwdQ?si=N_q_ZUcFpk6imekF

**घूमर -** https://youtu.be/OXjyeKwXp3o?si=BJNq0lGq24jxSJk5&t=39

**लावणी -** https://youtu.be/DowhhfP11UU?si=sIjGnPUEcQAu0ZVN

**गरबा -** https://youtu.be/FOsEBIglz8M?si=qWdjM9trFoYnN-Ty

**5. पूर्वोत्तर राज्यों के लोक नृत्य:**

पूर्वोत्तर भारत में अलग-अलग जनजातियों के अनेक नृत्य प्रचलित हैं, जैसे नागालैंड का चांगसांग नृत्य, त्रिपुरा का होजागिरी नृत्य, मिजोरम का चेराव (बांस नृत्य) आदि।

**चांगसांग नृत्य -** https://youtu.be/oDqKdN76BhA?si=E375eCk9NLrkLMQc&t=18

**होजागिरी नृत्य -** https://youtu.be/vzbe16vBPWw?si=N8mVjTUPG4jbv8Zs&t=17

**चेराव नृत्य -** https://youtu.be/uwCH_WEYFTo?si=lsNDFZQfuncvxwBT&t=30

**6. भाषा संगम - असमिया:**

"भाषा संगम" भारत सरकार की एक पहल है, जिसमें भारत की 22 भाषाओं की मूल बातें सिखाई जाती हैं। इसमें असमिया भाषा के सामान्य शब्द, वाक्य और उच्चारण भी सिखाए जाते हैं।

**7. मुकोली बिहू:**

यह बिहू उत्सव का एक प्रकार है जिसमें खुले मैदानों या गांवों में युवक-युवतियाँ बिना किसी मंच या औपचारिक व्यवस्था के नृत्य और गायन करते हैं। यह बहुत उत्साह और प्राकृतिक आनंद से भरा होता है।

https://youtu.be/4sXamv4O-lI?si=2GFcn_4C3Ptaupis

egyanarchive